## महत्वपूर्ण एवं खास

### मेडिकल दुकानें सुबह 8 से रात 8 बजे तक रहेंगी खुली

**रायगढ़।** कलेक्टर भीम सिंह द्वारा कोरोना वायरस के बढ़ते संक्रमण के कारण जिले में 27 अप्रैल 2021 तक कंटेनमेंट जोन घोषित किया गया है। कंटेनमेंट अवधि में मेडिकल दुकानों के खुलने हेतु पूर्व में जारी आदेश में आंशिक संशोधन किया गया है। जिसके तहत अब मेडिकल दुकानें प्रातः 08 बजे से रात्रि 08 बजे तक खुली रखने हेतु आदेश जारी किया गया है। अस्पताल परिसर में स्थित मेडिकल स्टोर्स उपरोक्त प्रतिबंध से मुक्त रहेंगे। आदेश की शेष शर्तें एवं निर्देश यथावत रहेंगे। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

### क्वारेंटीन सेंटर से भागे लोगों पर हुई एफआईआर

**रायगढ़ ।** कोरोना वायरस के रोकथाम व बचाव के लिए बाहर से आये प्रवासी श्रमिकों व व्यक्तियों को रायगढ़ जिले में आगमन के दौरान क्वारेंटीन सेंटर में रखे जाने के निर्देश हैं। इसी कड़ी में आज रायगढ़ गोपालपुर के दिपांकर सरकार, बावली कुआ रायगढ़ के मनोज पाण्डेय, बैकुण्ठपुर रायगढ़ के दिवाकर सिंह एवं धांगरडीपा के रामानुज बरेठ व अन्य को आज दोपहर 12.30 बजे बस के माध्यम से छात्रावास अधीक्षक के.एम.टी. कालेज परिसर, क्वारेंटीन सेंटर लाया गया था। नाम एन्ट्री करते वक्त ये लोग कैम्पस से भाग गये है। छात्रावास प्रभारी की सूचना पर क्वारेंटीन सेंटर से भागे उक्त व्यक्तियों के खिलाफ पुलिस ने आईपीसी 1860 की धारा 269 व 270 के तहत मामला दर्ज किया है।

### रामपुर, पडिगांव में तमनार पुलिस की शराब रेड, 7 लीटर महुआ शराब के साथ बिक्री रकम जब्त

**रायगढ़।** बुधवार सुबह थाना तमनार से सहायक उप निरीक्षक दुर्गाचरण साहू, आरक्षक अरविंद पटनायक द्वारा ग्राम रामपुर पडिगांव में दुलामणी चौहान पिता कुर्सो चौहान उम्र 65 वर्ष सा0 रामपुर पडिगांव को साहू होटल के सामने हाथ भठ्ठी का महुआ शराब बिक्री करने की मुखबिर सूचना पर पकड़े। तमनार पुलिस द्वारा आरोपी से 10 लीटर क्षमता वाली जरीकन में रखा हुआ 07 लीटर महुआ शराब व शराब बिक्री की रकम 200 रूपये की जप्ती की गई है। आरोपी के विरूद्ध थाना तमनार में धारा 34(2),59(क) आबकारी एक्ट की कार्यवाही की गई है।

### घर के बाहर खड़ी 2 कार व 2 बाईक जलकर खाक,अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** घर के बाहर खड़ी 2 कार को किसी ने आग लगा दिया। जिसके चलते कार बुरी तरह से जल गई। घटना की शिकायत नेवरा थाने में दर्ज करायी गई है। मिली जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमाक 12 गांधी चौक नेवरा निवासी शुभम अग्रवाल 22 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि 18 अप्रैल को रात 3 बजे के करीब किसी ने घर के बाहर खड़ी प्रार्थी की कार क्रमांक सीजी 04 एलडी 5710 में आग लगा दिया। जिसके चलते कार बुरी तरह से जलकर क्षतिग्रस्त हो जाने से करीब 4 लाप 50 हजार रुपये का नुकसान होने का अनुमान है। इसी तरह वार्ड क्रमांक 12 नेवरा निवासी संजय शर्मा 42 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि 18 अप्रैल को रात्रि 3 बजे घर के बाहर खड़ी प्रार्थी की कार क्रमांक सीजी 04 एनई 5094 को किसी ने आग लगाकर जला दिया। जिसके चलते कार बुरी तरह से जलकर क्षतिग्रस्त हो जाने से करीब 6 लाख रुपये का नुकसान का अनुमान है। तथा राखी थाना क्षेत्र में सेक्टर 27 नवारायपुर में ब्लॉक के नीचे खड़ी दो बाईक में आग लगने की वजह से बुरी तरह से जलकर क्षतिग्रस्त हो जाने की रिपोर्ट थाने में दर्ज करायी गई है।

# मेडिकल कॉलेज अस्पताल में 60 ऑक्सीजन बेड बढ़ाने तेजी से पूरा करें कामः कलेक्टर सिंह

**मेडिकल कॉलेज अस्पताल के निरीक्षण में पहुँचे कलेक्टर सिंह, लोइंग में 30 ऑक्सीजन बिस्तर की सुविधा तैयार, जल्द शुरू करने के निर्देश**

**रायगढ़ ।** कोरोना मरीजों के लिए तेजी से ऑक्सीजन बेड बढ़ाने की दिशा में लगातार काम किया जा रहा है। इसी कड़ी में कलेक्टर भीम सिंह आज मेडिकल कॉलेज कोविड अस्पताल के निरीक्षण में पहुंचे। यहां उन्होंने ऑक्सीजन बेड बढ़ाये जाने के लिए किये जा रहे कार्यों का जायजा लिया। कलेक्टर सिंह ने मेडिकल कॉलेज के ग्राउंड फ्लोर में 60 ऑक्सीजन बेड की सुविधा जल्द तैयार करने के निर्देश दिए। इसके लिए उन्होंने ऑक्सीजन सप्लाई हेतु पाइप लाइन बिछाने का काम जल्द से जल्द पूरा करने के लिए संबंधित निर्माण एजेंसी को कहा। अस्पताल में भर्ती मरीजों के अनुसार ऑक्सीजन सिलेंडर्स पर्याप्त मात्रा में रखने के लिए कहा। सिलेंडर्स की हैंडलिंग के लिए मैन पॉवर बढ़ाने की बात सामने आने पर उन्होंने तत्काल जरूरी मैन पावर मेडिकल कॉलेज में तैनात करने के निर्देश दिए।



कलेक्टर सिंह के निर्देश पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लोइंग में 30 ऑक्सीजन बेड की सुविधा तैयार की जा चुकी है। उन्होंने इसके संचालन के लिए डॉक्टर और मेडिकल स्टाफ की व्यवस्था कर अस्पताल को जल्द प्रारम्भ करने के निर्देश सीएमएचओ डॉ.केशरी को दिए। इसके साथ ही केआईटी में ऑक्सीजन बेड की संख्या बढ़ाने के लिए कहा है जिससे वहां भी ऑक्सीजन की जरूरत वाले मरीजों को रखा जा सके। उन्होंने कोविड का उपचार कर रहे निजी अस्पतालों में आइसोलेशन वार्ड बनाने के निर्देश जारी करने के लिए सीएमएचओ को कहा।

कलेक्टर सिंह ने मेडिकल कॉलेज के गेट में तैनात सुरक्षाकर्मियों को पूरी मुस्तैदी से ड्यूटी करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि मेडिकल स्टाफ को ही अस्पताल के अंदर जाने दें। परिजनों को अस्पताल के भीतर न जाने दें। यह उनके लिए संक्रामक हो सकता है।

इस दौरान सीएमएचओ डॉ.एस.एन.केशरी, मेडिकल कॉलेज की प्रभारी डीन डॉ.यास्मीन खान, जिला अस्पताल अधीक्षक डॉ मनोज मिंज, ईई पीडब्लूडी खाम्बरा सहित निर्माण एजेंसियों के अधिकारी व मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर्स उपस्थित थे।

## 24 टन कबाड़ सहित ट्रक जब्त, वाहन चालक गिरफ्तार

**» उर्दना तिराहा के पास कोतवाली पुलिस की कार्रवाई**



**रायगढ़।** दिनांक 20.04.2021 को थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष नागर को मुखबिर से सूचना मिला कि सारंगढ़ की ओर से महाराष्ट्र नम्बर की एक ट्रक में अवैध कबाड लोड़ होकर घरघोड़ा की ओर जाने के लिये निकली है जो कोतरारोड़ बेरियर क्रास कर घरघोड़ा रोड़ पर आगे बढ़ रही है। तत्काल कोतवाली प्रभारी ढिमरापुर चौंक पर ड्यूटी कर रहे प्रधान आरक्षक श्यामदेव साहू व आरक्षक लखेश्वर पुरसेठ को उर्दना की ओर रवाना होकर कार्यवाही का निर्देश दिये। स्टाफ द्वारा उदय टेलर तिराहा उर्दना रोड़ पर नाकेबंदी कर ट्रक क्रमांक एमएच-19 जेड 9651 को रोककर चेक किये। वाहन में लोहे के एंगल, बड़े वाहनों के कटिंग पार्टस लोड था। वाहन चालक सैययद करीम पिता सैय्यद ईस्माइल उम्र 40 वर्ष निवासी सांईबाड़ा फैजल खां पुरा मुकाम पोस्ट बडनेरा थाना नादुंरा जिला बलडना (महाराष्ट्र) वाहन में लोड कबाड़ के संबंध में कोई दस्तावेज पेश नहीं कर पाया। स्टाफ द्वारा वाहन का वजन कराया गया, जिसमें 24.260 टन कबाड़ कीमती 9,30,371 रूपये का कबाड़ लोड़ था जिसे कब्जे में लिया गया। आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध थाना कोतवाली में धारा 41(1+4)सीआरपीसी /379 आईपीसी की कार्रवाई कर रिमांड पर भेजा गया है।

## शादी का झांसा देकर वनरक्षक ने किया दुष्कम, जुर्म दर्ज

**रायगढ़।** बुधवार को थाना छाल में युवती द्वारा ग्राम बर्रा निवासी यमकुमार राठिया पिता रामायण राठिया के विरूद्ध शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक संबंध बनाने एवं जान से मारने की धमकी दिए जाने को लेकर आवेदन पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया है।

युवती बताई कि यमकुमार राठिया हाटी में वनरक्षक के पद पर कार्यरत है। वर्ष 2018 में यमकुमार से जान परिचय हुआ था। यमकुमार राठिया परिवारजनों से जान पहचान होने से दिनांक 21.03.2019 को घर आकर शादी का प्रस्ताव रखा। उसके बाद से घर आना-जाना करता था। दिनांक 26.01.2021 को जब अपने रिस्तेदार के घर हाटी गई थी, जहां से यमकुमार राठिया अपने क्वाटर ले गया और शादी करने का भरोसा देकर शारीरिक संबंध बनाया। उसके बाद माह फरवरी 2021 में



धरमजयगढ़ गई थी तो भी अपने क्वाटर ले जाकर शारीरिक शोषण किया। इसी बीच दिनांक 02.04.2021 को यमकुमार फोन कर और एसएमएस से शादी नहीं करूंगा कहने लगा और दोनों के बीच बनाये गये संबंधों के बारे में बताने पर जान से मारने की धमकी दिया। युवती के लिखित आवेदन पर आरोपी यमकुमार राठिया के विरूद्ध धारा 376,506 भादवि का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## घर के बाहर लगे एलईडी बल्व की चोरी से परेशान मोहल्लेवासियों ने लगाया सीसीटीवी कैमरा, दो चोर पकड़ाए, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**» आरोपियों से चोरी की 50 एलईडी और सीएलएफ बल्व जब्त**

लैलूंगा। हाई स्कूलपारा लैलूंगा के रहवासी आये दिनों घर के बाहर लगे सीएलएफ और एलईडी बल्ब के चोरी से परेशानी थे। तब मोहल्ले के एक-दो घरों के बाहर सीसीटीवी कैमरे लगा दिया गया, जिसमें दो चोर रात्रि के समय बल्ब चोरी करते दिखे। मोहल्लेवालों ने दोनों को पहचाने और चोरी की रिपोर्ट लैलूंगा थाने में आज दर्ज कराये, लैलूंगा पुलिस दोनों आरोपियों से चोरी कर छुपाकर रखी हुई 50 एलईडी और सीएलएफ बल्ब बरामद किया गया है, दोनों आरोपियों को गिरफतार कर रिमांड पर भेजा गया है।

आज दिनांक 21.04.2021 को थाना लैलूंगा हाई स्कूलपारा लैलूंगा में रहने वाले परमानंद बंजारे पिता कलश राम बंजारे (55 साल) द्वारा दिनांक 17-1804/2021 के रात्रि इनके तथा सुमन कुमार साय के यहां से घर के सामने दरवाजा के ऊपर लगे 3 नग एलईडी बल्व एवं बी0आर0 टोप्पो



के यहां से एक नग एलईडी बल्व को कोई व्यक्ति चोरी कर ले गया। तब घर में लगे सीसीटीवी कैमरा के फुटेज को चेक करने पर नहरपारा के शिव ऊर्फ कालू यादव तथा उसके साथी जहुलक खान बल्व को चोरी करते दिखे। रिपोर्ट पर अपक्र 120/2021 धारा 380, 34 भादवि कायम किया गया। आरोपी 1- जहुलक खान पिता गुलाब खान उम्र 35 साल एवं शिव गणेश यादव उर्फकालू यादव पिता मनोज कुमार यादव उम्र 23 साल दोनों निवासी नहरपारा थाना लैलूंगा को गिरफ्तार कर कड़ी पूछताछ पर आरोपियों द्वारा पिछले एक माह से घरों के बाहर बल्ब की चोरी करना कबूल किये आरोपियों के मेमोरेंडम पर 50 एलईडी और सीएलएफ बल्ब कीमती 5,000 रूपये बरामद किया गया है, आरोपियों को लैलूंगा पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

## होम आईसोलेशन में रखें ये सावधानियां

**रायगढ़ ।** कोविड-19 के तहत होम आईसोलेशन के मरीजों के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा ये सावधानियां बतायी गयी हैं। होम आईसोलेशन में स्वयं की निगरानी के लिए पल्स ऑक्सीमीटर अनिवार्य रूप से रखें। ऑक्सीजन सैचुरेशन की जांच करें। सामान्य स्थिति में 94 या उससे अधिक होना चाहिए। अपने हृदय गति की जांच करें। सामान्य 60-100 प्रतिमिनट होना चाहिए। थर्मामीटर से शरीर की तापमान की जांच करें। 6 मिनट वॉक टेस्ट तीन बार प्रतिदिन करें। चलने के पूर्व ऑक्सीजन सैचुरेशन पल्स




ऑक्सीमीटर में देखकर नोट करें। घड़ी से 6 मिनट देखकर सामान्य गति से लगातार 6 मिनट चले। सामान्य गति से चलने के पश्चात् पल्स ऑक्सीमीटर से ऑक्सीजन सैचुरेशन से पुनः जांच करें। यदि आक्सीजन सैचुरेशन 94 प्रतिशत या उससे ज्यादा है तो यह सामान्य स्थिति है, लेकिन यदि आक्सीजन सैचुरेशन 94 प्रतिशत से कम है या चलने के पूर्व आक्सीजन जो पल्स ऑक्सीमीटर से जांच कर नोट किया था, वह तीन प्रतिशत से नीचे जाता है, तो तत्काल होम आईसोलेशन के हेल्प लाईन नंबर पर सूचित करने कहा गया है।

इसके अतिरिक्त होम आईसोलेशन में दिन में दो बार खाली पेट काढ़े का सेवन करने, भाप स्टीम लेने एवं कुनकुने पानी में नमक डालकर दिन में दो बार गरारे करने कहा गया है।

होम आइसोलेटेड मरीजों एवं उनके परिजनों की सुविधा के लिए 24×7 कंट्रोल रुम संचालित है। कंट्रोल रूम मे 3 पाली में डॉक्टरों की ड्यूटी लगाई गई है। सुबह 8 से दोपहर 2 बजे 7647921193, 7647921146, दोपहर 2 से रात 8 बजे तक- 7647921172, 7647921147 तथा रात 8 से सुबह 8 बजे तक 7647921175, 7647921184, किसी भी आपातकालीन स्थिति मे दो लैंडलाइन नंबर संचालित है 07762-232668, 07762-228000, दो वॉट्सएप नंबर भी कंट्रोल रूम मे 24×7 संचालित है 7647921154, 7647921157 इन नंबरों में संपर्क कर जानकारी व परामर्श ले सकते हैं।

## लाकडाउन में मंडी गेट में सब्जी बेचने पर दिलीप कुमार तिवारी एवं अन्य पर हुई एफआईआर दर्ज

**रायगढ़ ।** लाक डाउन की अवधि में रायगढ़ के नवीन मंडी प्रांगण पटेलपाली के मुख्य प्रवेश द्वार के बाहर सड़क में 32 वर्षीय रायगढ़ निवासी दिलीप कुमार तिवारी एवं अन्य कुछ व्यक्तियों द्वारा वाहन पिकप क्रमांक सीजी 13 डी 3565 में अवैधानिक रूप से भीड़ एकत्रित कर



सब्जी क्रय-विक्रय किया जा रहा था। जिसकी सूचना मिलते ही रायगढ़ एसडीएम के निर्देशन में मंडी निरीक्षक रमेश कुमार गुप्ता एवं अन्य मंडी कर्मचारियों ने वहां जाकर संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ द.प्र.स.की धारा 154 (ब)के अंतर्गत कार्यवाही की। साथ ही मंडी निरीक्षक ने उन्हें समझाईश दी कि कोरोना महामारी के बढ़ते संक्रमण के कारण जिले में 27 अप्रैल 2021 तक लाकडाउन लगाया गया है। उक्त अवधि में फल सब्जी का विपणन कार्य थोक फल सब्जी मंडी प्रांगण पटेलपाली में प्रतिबंधित है।

# एक्टिव सर्विलास टीम घर घर जाकर कर रही है कांटेक्ट ट्रेसिंग का काम

**» पूरे जिले में 773 टीमें, मितानिन-आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और शिक्षक हैं टीम में**

**» सोमवार से शुरू हुआ एक्टिव सर्विलांस, संक्रमित व्यक्ति के आसपास के 10 घरों का सर्वे कर रही टीम**

**रायगढ़।** जिले में कोरोनावायरस के बढ़ते आंकड़ों को देखते हुए प्रशासन ने निगरानी बढ़ा दी है ताकि संक्रमण को रोके जा सके। सोमवार से एक्टिव सर्विलास टीम घर-घर जाकर कांटेक्ट ट्रेसिंग का काम कर रही है जिसमें महिला एवं बाल विकास विभाग की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के साथ-साथ शिक्षा विभाग के शिक्षक और शिक्षिकाएं, स्वास्थ्य विभाग से मितानिन सहयोग प्रदान कर रहे हैं। सर्वे टीम कांटेक्ट ट्रेसिंग सर्वे करके रिपोर्ट जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग को दे रही है।

कांटेक्ट ट्रेसिंग के काम में लगी टीम की जानकारी देते हुए पर्यवेक्षक दीपा सिंह ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग की 3409 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा पूरे जिले में डोर टू डोर सर्वे का काम किया जा रहा है7 जिले में 773 टीम बनाई गई है। प्रत्येक टीम में स्वास्थ्य विभाग से मितानिन, शिक्षा विभाग से शिक्षक/शिक्षिका एवं हमारे विभाग से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हैं। जहॉ पर क्षेत्र बड़ा है वहॉ पर चार से पांच लोग है।



उन्होंने कहा जिस एरिया में संक्रमित मिलेगा वहॉं के आसपास के 10 घरों में टीम द्वारा डोर टू डोर सर्वे किया जाएगा। वही उस इलाके में रहने वाले परिवारों के सभी सदस्यों की जांच कराई जाएगी। टीम क्षेत्र में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देगी। परिवार के गर्भवती महिला, बच्चों और बुजुर्गों की जानकारी के साथ-साथ अन्य बीमारी से ग्रसित लोगों की सम्पूर्ण जानकारी एकत्रित करेंगी।

सर्वे टीम साथ ही साथ कोरोना से बचाव और नियंत्रण के लिए सामाजिक व्यवहार करने जैसे मास्क पहने, सामाजिक दूरी बनाए रखें ,सैनिटाइजर का उपयोग करने का प्रचार- प्रसार किया जा रहा है। जिले में बढ़ते कोरोना संक्रमण पर नियंत्रण के लिए लोगों को सर्दी-खांसी सहित किसी भी तरह के लक्षण नजर आने पर मेडिकल से दवाइयां नहीं लेते हुए जांच कराने की समझाइश दी जा रही है।

**बेहतर प्रेरक आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं : डीपीओ जाटवर–** महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी टिकवेंद्र जाटवर ने बताया कि कोरोना के संक्रमण पर नियंत्रण हेतु 19 अप्रैल से शहरी क्षेत्रों समेत ग्राम पंचायतों में एक्टिव सर्विलांस शुरू हो गया है। जिले में 774 ग्राम पंचायत हैं जिसमें 2322 शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है7 इसी तरह 63 वार्डों में 789 शिक्षक, और शहर के 48 वार्ड में 144 शिक्षक लगे। इनके साथ मितानिन और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भी हैं। जिले में टीकाकरण जो अभी बेहतर स्तिथि में पहुंचा है उसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का योगदान काफी है। कार्यकर्तों को 45 साल से या उससे अधिक उम्र के लोगों को कोविड टीका लगाने के लिए प्रेरित करने की जिम्मेदारी दी गई है जिसका परिणाम यह हुआ कि जिले में 45 साल से अधिक पात्र लोगों ने 97 फीसदी तक टीका लगवा लिया है। रोजे़ व नवरात्रि की वजह से अभी कुछ लोग बाकी है जिसे जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा।

**वैक्सीन सुरक्षित, सभी जरूर लगवाएं: आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कविता–** इंदिरानगर की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कविता देवांगन का कहना है कि कोविड वैक्सीन ज्यादा से ज्यादा लोगों को लगाना है। कई लोग बार बार यह सवाल करते हैं कि दो खुराक लगने के बाद भी कोरोना हो जा रहा है, पर वो यह नहीं समझ रहे कि टीका लगने के बाद व्यक्ति सुरक्षित हो जाता है। लोग अफवाहों पर ध्यान न दें। लोगों को कोविड-19 से डरना नहीं लड़ना होगा। हम अपने क्षेत्र में कांटेक्ट सर्विलास का कार्य कर रहे है पूरे परिवार का नाम, किसी को और कोई बीमारी है तो उसे अलग से लिख रहे। वैक्सीनेशन की जानकारी ले रहे। भ्रमण के दौरान कोरोना से बचाव और नियंत्रण के लिए सामाजिक व्यवहार अपनाने जैसे मास्क पहने, सामाजिक दूरी बनाए रखें ,सैनिटाइजर का उपयोग करने के बारे में भी जागरूक कर रही है। यह कार्य आसान नहीं है लोग जानकारी देने में हिचक रहे है खुलकर नही बताते है , कोरोनावायरस के संक्रमण से ग्रसित लोग अगर जानकारी खुलकर बताएंगे तो प्रशासन मुस्तैदी के साथ संक्रमण के प्रसार को रोकने के लिए तत्पर रणनीति बनाकर कार्य करेगा।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480